


नवरात्रि एवं चैट्रीचंड्र की हार्दिक बधाई...

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

**सुविचार**
शुद्धं मनः, धर्ममयः जीवनः,
सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु
निरामयाः, नवरात्रि शुभाशयाः।।

वर्ष - 16, अंक - 50 | चैत्र शुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत् 2083, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 20 से 26 मार्च 2026 | पृष्ठ - 8, रू. 3:00








# मनोकामना ज्योति कलशों से जगमग हुआ माँ सर्वमंगला देवी का दिव्य दरबार

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083, 19 मार्च 2026 को नवरात्रि के प्रथम दिन माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 9 दिन तक चलने वाला आध्यात्मिक महापर्व नवरात्रि घट स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। शुभ नक्षत्र में माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक/पुजारी एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महाराज) ने सपत्नीक विद्वान आचार्यों एवं पंडितों, बैगाओं की उपस्थिति में परिसर में स्थित कलश कक्षों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलशों को दिव्य मंत्रोच्चार के साथ प्रज्ज्वलित किया। मनोकामना ज्योति कलशों से परिसर दमक उठा।

## 7000 तैल्य कलश एवं 750 घृत कलशों से दैदिव्यमान हुआ परिसर



प्रबंधक नमन पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन 7000 तैल्य ज्योति कलशों को प्रज्ज्वलित किया गया, वहीं 750 घृत कलश जलाए गए। 7750 ज्योति कलशों के दिव्य प्रकाश पूंज से परिसर दमक उठा। श्री पाण्डेय ने बताया कि ज्योति कलशों के प्रकाश पूंज से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और ज्योति कलशों के दर्शन से मन में पवित्रता का भाव जागृत होता है। कोरबा, छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों एवं विदेशों से भी श्रद्धालु मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए हैं।

## प्रथम दिन अभूतपूर्व भीड़



नवरात्रि प्रारंभ होते ही शक्ति की उपासना में लोग डूब जाते हैं। प्रथम दिन माँ शैलपुत्री स्वरूपा माँ सर्वमंगला देवी का दर्शन करने परिसर में अभुतपूर्व भीड़ देखी गई। परिसर से सड़क तक श्रद्धालुओं की लंबी लाईन लगी हुई थी और श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला। परिसर में प्रबंधन द्वारा भोग प्रसाद की व्यवस्था रखी गई है और श्रद्धालु यहां तृप्त भी हो रहे हैं।

## मन पर विजय प्राप्ति का महापर्व है चैत्र नवरात्र

माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक एवं पुजारी नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने सभी प्रदेशवासियों को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083 हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी की मंगलकामनाओं का शुभ संदेश दिया है और बताया कि माँ आदिशक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि मुख्यरूप से मन पर विजय प्राप्ति का महापर्व है।



माँ सर्वमंगला की असीम कृपा हम पर बरसती रहे और कोरबा सुख समृद्धि के साथ विकास का नया आयाम गढ़े और क्षेत्रवासी खुशहाल बनें। उन्होंने कहा कि आदिशक्ति की उपासना एवं विधि विधान से की गई पूजा से घर में सुख समृद्धि का वास होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि यह पर्व नारी के सम्मान का महापर्व है, यह पर्व मन में विजय प्राप्ति का महान पर्व है। आत्म संयम और इंद्रियों पर नियंत्रण के लिए उपासना प्रभावी साधन है और माँ के दर्शन मात्र से ही मन को असीम शांति मिलती है। घर का कलह दूर होता है और सुख समृद्धि का वास होता है। मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने के साथ नवरात्रि में घर-घर भी ज्योत जलना चाहिए, इससे घर में सात्विक ऊर्जा का संचार होता है और चारों तरफ खुशहाली आती है।


LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

एलआईसी बनाए जीवन को स्वर्णिम
मुखिया की मृत्यु पर देता आर्थिक संबल।



सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥



LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

समस्त प्रदेशवासियों को
हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा
विक्रम संवत् 2083
वासंती नवरात्रि
एवं
रामनवमी ( 27 मार्च ) की
अनंत शुभकामनाएं...

अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं, दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं,रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि॥



सेवा के 26 वर्ष
'योगक्षेमं वहाम्यहम्'

संतोष सिंह
वित्तीय सलाहकार

बीमा भूषण रत्न, कार्पोरेट क्लब मेंबर
टी.ओ.टी., सीओटी, एमडीआरटी, यूएसए
बीमा भूषण रत्न, कार्पोरेट क्लब मेंबर
लिमरा अवार्डेड, लियाफी रत्न


लियाफी रत्न अवार्ड से सम्मानित


लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड से सम्मानित

एलआईसी कराएं, जीवन में समृद्धि पाएं

-: कार्यालय :-
निवेश
एलआईसी, म्युचुअल फंड, जनरल इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस की सुविधाएं
शॉप नं. 05, बजाज कार्पोरेट प्लाजा, घण्टाघर रोड, कोरबा,
मो.: 93997- 67442 98271-79598 Website : www.korbalic.com

# 167.7 एमटी पर पहुंचा एसईसीएल का उत्पादन, पिछले वर्ष के कुल आंकड़े को किया पार

## ऑफटेक में भी 171.3 एमटी के साथ पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े को पीछे छोड़ा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में सतत प्रयासों के बल पर उत्पादन, ऑफटेक एवं ओवरबर्डन रिमूवल (OBR)—तीनों प्रमुख मानकों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अनुषंगी कंपनियों में एकमात्र कंपनी है जिसने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में इन तीनों मानकों में वृद्धि दर्ज की है।

कंपनी ने दिनांक 18 मार्च 2026 को पिछले वित्त वर्ष के कुल कोयला उत्पादन को पार कर लिया है। कुल उत्पादन 167.7 मिलियन टन (एमटी) तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि में एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स का प्रमुख योगदान रहा है।



**मेगाप्रोजेक्ट्स में—**

गेवरा परियोजना: 51.7 एमटी
दीपका परियोजना: 36.5 एमटी
कुसमुंडा परियोजना: 30.7 एमटी

**अन्य क्षेत्रों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा है—**

सेंट्रल इंडिया कोलफील्ड्स: 25.6 एमटी
रायगढ़ क्षेत्र: 15.8 एमटी
कोरबा क्षेत्र: 7.2 एमटी

ओवरबर्डन रिमूवल के क्षेत्र में भी कंपनी ने अब तक 350 मिलियन क्यूबिक मीटर का स्तर हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि को दर्शाता है जिससे आने वाले समय में कोयला खनन गतिविधियों को गति मिलेगी।

ऑफटेक के मोर्चे पर भी एसईसीएल ने प्रगति दर्ज करते हुए दिनांक 17 मार्च 2026 तक 171.3 मिलियन टन का आंकड़ा हासिल कर लिया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.5 प्रतिशत अधिक है।

छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में फैली, एसईसीएल देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है और राष्ट्रीय उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखती है। गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए, कंपनी द्वारा उत्पादन एवं आपूर्ति को और सुदृढ़ करने के लिए विशेष रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है, ताकि विद्युत संयंत्रों को निर्बाध एवं समयबद्ध कोयला उपलब्ध कराया जा सके और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### निधारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हम प्रतिबद्ध -निदेशक हरीश दुहन



एसईसीएल के सीएमडी एवं निदेशक हरीश दुहन ने कहा- 'एसईसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमारी प्राथमिकता है कि कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को हर परिस्थिति में पूरा किया जाए। हम अपने निर्धारित लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और शेष अवधि में उत्पादन एवं आपूर्ति को और गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।'



# डीईओ ने ब्रिलिएंट स्कूल कोरबा को थमाया नोटिस

**सीबीएसई मान्यता दस्तावेज 2 दिन में पेश करने का निर्देश दिए;पेरेंट्स ने थी कलेक्टर से शिकायत**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

बिलासपुर में पांचवीं और छठी के छात्रों को दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर करने के मामले में शुरू हुई जांच का दायरा अब कोरबा तक पहुंच गया है। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कोरबा ने ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल की कोरबा शाखा को नोटिस जारी कर मान्यता संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल कोरबा में पढ़ने वाले पांचवीं और छठी के स्टूडेंट्स के पेरेंट्स ने कलेक्टर से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि स्कूल ने सीबीएसई संबद्धता का हवाला देकर बच्चों को प्रवेश दिया था और उनकी परीक्षा भी ले ली थी। अब उन्हें छत्तीसगढ़ पाठ्यक्रम के अनुसार दोबारा परीक्षा देने का निर्देश दिया जा रहा है।

**पाठ्यक्रम बदलने पर पेरेंट्स का विरोध**

पेरेंट्स का आरोप है कि बच्चों ने सीबीएसई पाठ्यक्रम से पढ़ाई की है और अब उन्हें दूसरे पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा के लिए मजबूर करना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। पेरेंट्स की इस शिकायत के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने भी मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मामले की उच्च स्तरीय समिति से जांच कराने का निर्देश दिया है।


**ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल पहले से विवादों में**

बता दें कि ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल कोरबा अपने शुरुआती दौर से ही विवादों में रहा है। स्कूल संचालक पर कई आरोप लगते रहे हैं। जिस भूमि पर स्कूल भवन का निर्माण हुआ है, उसके दस्तावेजों में हेरफेर का आरोप उनके ही परिजनों ने लगाया था, और यह मामला कोर्ट तक भी पहुंचा था।

**डीईओ का नोटिस, दस्तावेज पेश करने के निर्देश**

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से 18 मार्च 2026 को ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया है। इसमें सीबीएसई बोर्ड से प्राप्त मान्यता संबंधी सभी दस्तावेज दो कार्य दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।







### हिन्दू नववर्ष पर निकली भव्य शोभायात्रा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

19 मार्च को दोपहर 3.00 बजे हिन्दू क्रांति सेना सहित अन्य हिन्दू सांगठनिक दलों ने हिन्दू नववर्ष पर भव्य रैली निकाली। पूरा कोरबा सजा हुआ था और चारों तरफ जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे।

# पीएम श्री विद्यालयों को उन्नत करने के लिए नियमित करें निरीक्षण-सीईओ नाग

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**





कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग ने गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के पीएम श्री विद्यालयों को निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित करने हेतु नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

सीईओ श्री नाग ने कहा कि जिले में संचालित 16 पीएम श्री विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए विद्यालयों में अधोसंरचना विकास, शिक्षण गुणवत्ता, परीक्षाफल में सुधार तथा पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी संतृप्ति बिंदुओं की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पीएम श्री विद्यालय का माह में कम से कम दो बार निरीक्षण किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान अधोसंरचना, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के प्रदर्शन की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। साथ ही विद्यालयों में आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाते हुए उन्हें आदर्श एवं मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाए।

सीईओ ने सभी अधिकारियों को इस कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ लेते हुए सकारात्मक प्रयास करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के पीएम श्री विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के केंद्र बन सकें।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय, डीएमसी समग्र शिक्षा वल्लभ वैष्णव, डीपीओ साक्षरता श्रीमती ज्योति शर्मा सहित सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीईओ जिला पंचायत ने ली उल्लास नव साक्षर महापरीक्षा की तैयारी की समीक्षा बैठक

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जिले में 'उल्लास -नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' अंतर्गत 22 मार्च को आयोजित होने वाली बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन महापरीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग ने गुरुवार को जिला पंचायत के सभागार में समीक्षा बैठक ली। सीईओ ने के द्वारा आगामी महापरीक्षा के सफल आयोजन हेतु केंद्रवार तैयारियों, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं समन्वय संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ श्री नाग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी 572 उल्लास केंद्रों में परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि अधिक से अधिक नवसाक्षरों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जनजागरूकता अभियान को और सुदृढ़ किया जाए तथा प्रत्येक पात्र शिक्षार्थी तक सूचना पहुंचाई जाए।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे एवं सभी को अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

# हिंदू नव वर्ष की भव्य शौर्य यात्रा में अखबार वितरक संघ के परिवार द्वारा लगाया गया सेवा स्टॉल, श्रद्धालुओं को मिला जल सेवा का लाभ

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**




हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर कोरबा जिले में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को लेकर शहर में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संगठनों द्वारा भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इसी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ, कोरबा द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए शौर्य यात्रा के दौरान सेवा स्टॉल लगाने का निर्णय लिया गया है। संघ द्वारा सीतामढ़ी क्षेत्र में यह सेवा स्टॉल स्थापित किया , जहां यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएगी। संघ पिछले तीन वर्षों से लगातार इस आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सेवा कार्य कर रहा है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शौर्य यात्रा में हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, ऐसे में भीड़ और गर्मी को ध्यान में रखते हुए जल सेवा अत्यंत आवश्यक हो जाती है। इसी उद्देश्य से संघ द्वारा यह पहल की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस सेवा कार्य में संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, संरक्षक रेशम साहू, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर एवं सहसचिव रायसिंह सहित संस्कार समिति के अध्यक्ष आकांक्षा चंदेल सचिव ,नेहा, अग्रवाल, रेणुका, नीलिमा गहलोत, रवीना साहू, पुष्पा साहू,रतन राठौर, श्याम भाई निरंजन साहू, नेताम योगेश्वरी,रामा, शंकर दीवान, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, राजू सैनी, सुरेंद्र साहू संतराम, बबलू यादव, विजय दास रविंदर, बजरंग यादव, दिलबाग, रतन पटेल, कृष्ण निर्मलकर, तपेश्वर राठौर, राजकुमार पटेल, अनिल गिरी सरोज, राकेश साहू, हर्ष नेताम, जीवन लाल चौहान, सत्येंद्र पुरी, राहुल, पप्पू विजय, ओमकार, दीपक, अज्जू सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य इस सेवा कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

अखबार वितरक संघ की इस पहल को सामाजिक समर्पण और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी संघ के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक कदम बताया है। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर इस तरह की सेवा गतिविधियां न केवल सामाजिक एकता को मजबूत करती हैं, बल्कि समाज में सहयोग और सद्भाव का संदेश भी देती हैं।

# दीपका नगर पालिका में 84 लाख के स्ट्रीट लाइट टेंडर में भारी भ्रष्टाचार का आरोप

**दीपका।**

दीपका नगर पालिका परिषद जिला कोरबा में स्ट्रीट लाइट स्थापना के नाम पर सरकारी धन की बंदरबांट और सार्वजनिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ का एक बड़ा मामला सामने आया है वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद कमलेश जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर लगभग 84 लाख रुपये के इस टेंडर में भारी भ्रष्टाचार अधिकारियों की मिलीभगत और घटिया निर्माण कार्य की विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है ।

**प्रमुख आरोप और अनियमितताएं**

शिकायत के अनुसार ठेकेदार और नगर पालिका के इंजीनियरों और अधिकारियों की साठगांठ से निविदा की शर्तों का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है:-

कमजोर नींव (No PCC):- नियमों के विरुद्ध खंभों के आधार में कंक्रीट नहीं डाला जा रहा है जिससे तेज हवा या बारिश में पोल गिरकर जान-माल की हानि कर सकते हैं।

घटिया क्वालिटी के पोल:- मानक के अनुसार जिस गुणवत्ता एवं भार पोल लगने थे उसकीकी जगह हल्के भार एवं घटिया क्वालिटी का बिना कोटिंग वाला पोल लगाया जा रहा है ।

ब्रांडेड लाइटों की चोरी:- निविदा में ब्रांडेड 100 वॉट की लाइटों की जगह मात्र 50-70 वॉट की सस्ती नॉन-ब्रांडेड लाइटें लगाई जा रही हैं ।

सुरक्षा से खिलवाड़:- केबल को निर्धारित 40-90 सेमी की गहराई के बजाय केवल 10 सेमी पर दबाया जा रहा है साथ ही करंट से बचाव के लिए जरूरी अर्थिंग और MCCB सुरक्षा उपकरण गायब हैं जिससे भविष्य में बड़े हादसों का खतरा है ।

**जनता के पैसे की 40% तक लूट का अनुमान**

पार्षद कमलेश जायसवाल ने आरोप लगाया है कि इस पूरे कार्य में निविदा राशि का लगभग 30-40% हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 और छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम का उल्लंघन है ।

**मांग:-**

पार्षद ने छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम 2002 की धारा 9 के तहत इस मामले की प्रारंभिक और पूर्ण जांच की मांग की है उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई ठेका रद्दीकरण और धन की वसूली नहीं की गई तो वे इस लड़ाई को आगे तक ले जाएंगे ।

**अधिकारी जनता एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति जवाबदेह**

पूरे मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू ये है कि जब उक्त पूरे मामले की शिकायत से पूर्व पार्षद कमलेश जायसवाल ने जब गुणवत्ता एवं मात्रा के संबंध में नगर पालिका इंजीनियर से लिखित में जानकारी मांगी तो इंजीनियर सिरिल भास्कर पापुला ने किसी भी प्रकार की जानकारी देने से मना कर दिया ऐसे में ये विषय समझ से परे है कि क्षेत्र के विकास से जुड़े विषय पर अधिकारी जनप्रतिनिधियों की जानकारी देने से क्यों इंकार कर रहे हैं ।

# हिंदू नववर्ष पर भगवामय हुआ बिलासपुर

**निकली भव्य शोभायात्रा:राम-हनुमान की झांकियों ने मोहा मन, 10 बग्घियों में सवार होकर निकलीं जीवंत-देवियां,जय श्रीराम के लगे जयकारे**

**बिलासपुर, एजेंसी।** बिलासपुर में नवरात्रि पर्व के पहले दिन हिंदू नववर्ष को लेकर खासा उत्साह दिखा। हिंदवादी संगठनों और सनातनियों ने पूरे शहर को राममय और भगवा रंग में सजाया। पुलिस ग्राउंड में शाम 5 बजे जब शाोभायात्रा शुरू हुई, तब वहां शहर के हर मोहल्ले से पदाधिकारी-कार्यकर्ता डीजे और भजन-कीर्तन मंडली के साथ ढोल-तासे लेकर पहुंचे थे। पुलिस ग्राउंड में भी चारों तरफ भगवाधारी और ध्वज नजर आ रहे थे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी के साथ ही श्याम खाटू और रामभक्त हनुमान भी नजर आ रहे थे। जिसमें 17 फीट भगवान श्रीराम, बनारस के हनुमानजी, 10 बग्घियों में सवार देवी मां नजर आईं। वहीं, रामधुन मंडली, चलित ऑर्केस्ट्रा, ढोल-बैंड, रामपुर का कर्मा नृत्य, पंथी नृत्य और रावत नाचा से माहौल भक्तिमय रहा।



ऐसा लग रहा था कि पूरा शहर उत्सव मनाते नजर आ रहा है। पुलिस ग्राउंड से शोभायात्रा सत्यम चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर निकली। तब शहर के हर चौक-चौराहे भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गए।




नवरात्रि एवं चैट्रीचंड्र की हार्दिक बधाई...

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

**सुविचार**
शुद्धं मनः, धर्ममयः जीवनः,
सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु
निरामयाः, नवरात्रि शुभाशयाः।।

चैत्र शुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत् 2083, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 20 से 26 मार्च 2026




### रवि मित्तल की पीएमओ में नियुक्ति

**रायपुर, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) ने छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी रवि मित्तल को प्रधानमंत्री कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी पद पर नियुक्त किया है। जारी ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने आईएएस रवि मित्तल की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 4 वर्ष की अवधि के लिए होगी या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। वर्तमान रवि मित्तल छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के सीपीआर हैं।

## सरकार बोली- सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार के मंत्रालयों ने वेस्ट एशिया के हालिया घटनाक्रमों के कारण तेल-गैस संकट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि LPG चिंता का विषय बनी हुई है लेकिन देश में किसी भी LPG डिस्ट्रीब्यूटर के पास सिलेंडरों की कमी नहीं है। सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, अब करीब 94% सिलेंडर बुकिंग ऑनलाइन हो रही है, जबकि डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड सिस्टम 76% तक प्रभावी हो गया है। पैनिक बुकिंग में भी कमी आ रही है। 18 मार्च को करीब 57,000 रीफिल बुकिंग हुई। भारत में करीब 70% कच्चा तेल अब होर्मुज स्ट्रेट के बाहर के क्षेत्रों से आ रहा है।

**विधानसभा में धर्म स्वतंत्रता बिल पास, 25 लाख जुर्माना लगेगा, मददगारों को भी होगी जेल**

# छत्तीसगढ़ में अब धर्मांतरण कराने पर उम्रकैद

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरूवार को धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पास हो गया है। अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने के मामलों में दोषी पाए जाने पर 7 से 10 साल तक की जेल और कम से कम 5 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा।

यदि पीड़ित नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हो, तो सजा बढ़ाकर 10 से 20 साल तक की जेल और न्यूनतम 10 लाख जुर्माना देना होगा। वहीं, सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास होगी। कम से कम 25 लाख रुपए जुर्माना लगेगा।

गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा पेश किया गया यह नया विधेयक वर्ष 1968 के पुराने कानून की जगह लेगा, जिसे सरकार ने वर्तमान तकनीक और सामाजिक परिस्थितियों के लिहाज से नाकाफी माना है।

सरकार के अनुसार इस बिल का मकसद बल, प्रलोभन, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाना है। सदन में बिल के पास होते ही भाजपा विधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाए।

वहीं विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया और वॉकआउट कर दिया। विपक्ष का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के साथ-साथ सभी दलों के विधायकों की राय ली जानी चाहिए। सदन में यह बिल ध्वनि मत से पास हुआ।

विजय शर्मा ने कांग्रेस विधायकों से कहा यह वॉकआउट नहीं बल्कि भागना है।

**विपक्ष ने किया धर्म स्वतंत्रता बिल का विरोध**

धर्म स्वतंत्रता बिल पेश होते ही नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कानून देश के कई राज्यों में पहले से हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है, इसलिए इस बिल को जल्दबाजी में पास नहीं किया जाना चाहिए।

डॉ. महंत ने मांग की कि बिल को सेलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाए, ताकि इस पर विस्तार से चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के साथ-साथ सभी दलों के विधायकों की राय ली जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा कोई फैसला नहीं होना चाहिए, जिससे समाज में विभाजन बढ़े। महंत ने संविधान और सहिष्णुता का हवाला देते हुए नेताओं और समाज सुधारकों के विचारों का जिक्र किया।

**संविधान के तहत राज्य सरकार को कानून बनाने का अधिकार**

वहीं, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय भी ऐसा कानून लागू किया गया था, इसलिए इसे गलत बताना ठीक नहीं है।

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है, जिससे राज्य इस तरह का कानून नहीं बना सकते। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकार को है और यह बिल पूरी तैयारी और चर्चा के बाद लाया गया है।

सदन की कार्यवाही चला रहे धर्मलाल कौशिक ने कांग्रेस की आपत्तियों को खारिज कर दिया और बिल पेश करने की अनुमति दे दी।

**विजय शर्मा बोले- भाग रहा विपक्ष**

इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया और पूरे दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। इस पर विजय शर्मा ने कहा कि यह वॉकआउट नहीं बल्कि भागना है।

यह बिल पिछले हफ्ते ही राज्य कैबिनेट से मंजूर हुआ था। सरकार का कहना है कि इसमें 1968 के कानून को और मजबूत किया गया है और धर्मांतरण के नए तरीकों, जैसे डिजिटल और आर्थिक प्रलोभन को भी शामिल किया गया है।

फिलहाल राज्य में 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 1968' लागू है, जिसे राज्य बनने के बाद मध्य प्रदेश से अपनाया गया था।

## नेता प्रतिपक्ष बोले- त्योहार के दिन छुट्टी नहीं

सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद सभापति धरमलाल कौशिक, डिप्टी सीएम अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा और हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

चरणदास महंत- लोकसभा में सत्र चल रहा था, लेकिन आज वहां अवकाश दिया गया। हम हिन्दू राष्ट्र की कल्पना कर रहे हैं, शायद इसी सोच के तहत वहां छुट्टी दी गई। हम यहां ऐसा नहीं कर पाए, इसका मुझे दुख है। आपके माध्यम से मैं अपनी भावना व्यक्त करना चाहता हूं।

## बालको में महिला क्रेन पायलट की तैनाती, महिला नेतृत्व को मिला बढ़ावा

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में पहली बार महिला क्रेन पायलट्स की तैनाती की गई है। यह पहल देश के सबसे उन्नत, तकनीक-संचालित स्मेल्टर क्षेत्र में महिला-प्रथम ऑपरेटिंग मॉडल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कुल 30 महिलाओं को तैनात किया गया है, जिनमें 10 बीम-रेजिंग ऑपरेटर और 20 पीटीएम पायलट शामिल हैं। यह उपलब्धि बालको के लिए एक मील का पत्थर है, जो इसके 'मिलियन टन क्लब' में प्रवेश के साथ जुड़ी हुई है।

इन महिला पायलट्स ने सिमुलेटर सत्र और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण के माध्यम से एक सख्त प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी की है। अब वे पॉट रूम के महत्वपूर्ण कार्य, जैसे एनोड बदलना, कवरिंग करना, पिघले हुए एल्यूमिनियम की टैपिंग और बीम-रेजिंग, का संचालन कर रही हैं। इससे इलेक्ट्रोलाइटिक रिडक्शन सेल्स का संचालन तय मानकों के भीतर स्थिर और निरंतर बना रहता है। साथ ही सभी पॉटलाइनों में बीम-रेजिंग गतिविधियां अब पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही हैं, जहां प्रत्येक पॉट रूम में महिला बीम-रेजिंग प्रभारी नियुक्त की गई हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम मैन्युफैक्चरिंग के काम को बेहतर बनाने के समावेशिता को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। महिला क्रेन पायलट्स की तैनाती सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह काम करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव है। हम नई तकनीक, अच्छे प्रशिक्षण और समान अवसर प्रदान कर अपने कर्मचारियों की पूरी क्षमता को आगे ला रहे हैं। जैसे ही हम 1 मिलियन टन उत्पादन के स्तर तक पहुंच रहे हैं, यह बदलाव दिखाता है कि हम एक ऐसा कार्यस्थल बना रहे हैं जो बेहतर प्रदर्शन करने वाला, समानता वाला और भविष्य के लिए तैयार है।

पीटीएम पायलट नाज़ फातिमा ने कहा कि पीटीएम पायलट के रूप में काम करना चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद संतोषजनक भी है। सबसे खास बात यह है कि कंपनी हम पर भरोसा करती है और हमारे विकास में निवेश करती है। यह गर्व की बात है कि हमारा काम सीधे बालको की प्रगति में योगदान देता है और हम औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं के लिए एक नया भविष्य बना रहे हैं।

बालको ने 2022 से ट्रांसजेंडर पेशेवरों को भी अपने संयंत्र के मुख्य कार्यों में शामिल किया, जिसकी शुरुआत फोर्कलिफ्ट ऑपरेशन और सुरक्षा सेवाओं से हुई थी। इसके बाद इसका विस्तार किया गया और जेंडर री-अफर्मेशन नीतियों के तहत 30 दिन का वेतन सहित अवकाश और वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गईं। इस प्रकार बालको छत्तीसगढ़ में ट्रांसजेंडर सहयोगियों को एल्यूमिनियम संचालन में शामिल करने वाली अग्रणी औद्योगिक कंपनियों में से एक बन गया है। ये सभी पहल पारंपरिक रूप से मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों को अधिक समावेशी बनाने और भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक कार्यबल के निर्माण की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।







सरोकार

# छत्तीसगढ़ विधानसभा मात्र जनकल्याण का मंदिर



छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्रवाई देखने का अवसर कोरबा के पत्रकारों को भी मिला। अनुभव नया था, लेकिन छत्तीसगढ़ विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक का पर्याय में व्यापक यथार्थ छुपा हुआ नजर आया। सत्तापक्ष जनकल्याण के लिए कार्य करता है, तो विपक्ष जनकल्याण के विपरीत दुष्प्रभाव को कम करने के लिए काम करता है। विधानसभा में सत्ता और विपक्ष के सभी सदस्य जनप्रतिनिधि होते हैं और जनप्रतिनिधियों का कार्य सिर्फ जनकल्याण की भावना को लेकर कार्य करना होता है। यह भाव छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के दौरान देखने को मिला। यह हमारे छत्तीसगढ़ की विराट संस्कृति और सभ्यता का ही प्रतिफल है कि यहां की कार्रवाई में सभी प्रतिनिधियों की एक ही मंशा होती है, जनकल्याण। बुधवार 18 मार्च को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सदन में एक बड़ी बात कही-हम सब जनता के प्रतिनिधि हैं और हमें यहां सिर्फ जनकल्याण की बात करनी चाहिए। सरकार आज आपकी है, कल किसी और की होगी। हार-जीत लगी रहती है, लेकिन आज हम जो भी सदस्य यहां जनप्रतिनिधि बनकर आए हैं, उनका कर्तव्य सिर्फ छत्तीसगढ़ महतारी के संवर्धन, जनता की समृद्धि और खुशहाली होना चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप बहुत हो गए, ढाई साल तक आपने कांग्रेस की सिर्फ खामियां गिनाई, बहुत हो गया, अब सिर्फ विकास की बात करें और जनता से किए गए वादों को पूरा करें। हमने पिछले पांच साल में बहुत कुछ करने का प्रयास किया, लेकिन जनता से किए गए कुछ वादे पूरे नहीं हुए, इसका परिणाम हमें जनता ने दे दिया। आप अपने वादों को पूरा करें, नहीं तो ढाई साल बाद जनता अपना फैसला सुना देगी। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की शालिनता देखी, जो अद्वितीय है। यहां नए सदस्य भी बीच-बीच में तेज आवाज में बोलते भी देखे गए, जो अपने पक्ष को सही साबित करने के लिए अपनी आवाज को जोर से रखे थे, लेकिन उनकी आवाजों में कोई यथार्थ दिख नहीं रहा था। अनुभवी आवाजों में छत्तीसगढ़ के विकास के यथार्थ और जनता की समृद्धि की गूंज सुनाई दे रही थी। जनता की समृद्धि और छत्तीसगढ़ के संवर्धन के लिए आवाज की तेजी नहीं, बल्कि नियत में तेजी दिखाई देनी चाहिए।

-संपादक

# पोषण, शिक्षा और जनभागीदारी का राज्यव्यापी अभियान



आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित 'न्योता भोज' कार्यक्रम प्रदेश में पोषण, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप शुरू की गई इस पहल के तहत अब समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

राज्य स्तर पर जनवरी से फरवरी 2026 तक कुल 9,763 न्योता भोज आयोजनों के माध्यम से 1,83,927 बच्चों को लाभान्वित किया गया है, जो इस योजना की व्यापक सफलता को दर्शाता है।

जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो बिलासपुर जिले में सर्वाधिक 884 आयोजन हुए, जिनमें 18,703 बच्चे लाभान्वित हुए। वहीं कोरबा में 720 आयोजनों के माध्यम से 13,944 बच्चों, रायगढ़ में 690 आयोजनों से 9,835 बच्चों तथा कांकेर में 636 आयोजनों से 7,915 बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

इसी प्रकार धमतरी में 606 आयोजन कर 11,228 बच्चों, महासमुंद में 415 आयोजनों के माध्यम से 7,302 बच्चों तथा जांजगीर-चांपा में 439 आयोजनों से 10,518 बच्चों को लाभ पहुंचाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के नागरिक, जनप्रतिनिधि, दानदाता एवं पालक अपने विशेष अवसरों—जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य पारिवारिक खुशियों—पर आंगनबाड़ी



केन्द्रों में बच्चों के साथ भोजन साझा कर रहे हैं। इससे बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार मिल रहा है, साथ ही समाज में उनके प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता भी बढ़ रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले अधिकांश बच्चे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से होते हैं। ऐसे में 'न्योता भोज' जैसे प्रयास उनके शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

यह पहल न केवल कुपोषण को कम करने की दिशा में कारगर साबित हो रही है, बल्कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रति बच्चों और अभिभावकों का आकर्षण भी बढ़ा रही है। शासन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने सामाजिक एवं पारिवारिक अवसरों को आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ साझा कर इस अभियान को और मजबूत बनाएं। जसं

# दक्षिण भारत का नववर्ष उगादी, नई शुरुआत और खुशहाली का प्रतीक




**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को जहां उत्तर भारत में हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है, वहीं दक्षिण भारत में इसी दिन उगादी का पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाता है। वर्ष 2026 में उगादी 19 मार्च, गुरुवार को मनाई गई। यह दिन आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर लोग नए संकल्प लेते हैं और जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत करते हैं।**

## उगादी का अर्थ और पौराणिक मान्यता

'उगादी' शब्द संस्कृत के 'युग' (काल) और 'आदि' (आरंभ) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है—एक नए युग की शुरुआत। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। इसलिए यह दिन नए जीवन चक्र, आशा, उत्साह और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन से समय की गणना का प्रारंभ हुआ था।

**पंचांग श्रवणम और पूजा का महत्व**

उगादी के दिन 'पंचांग श्रवणम' की परंपरा भी महत्वपूर्ण मानी जाती है, जिसमें आने वाले वर्ष के राशिफल और भविष्यवाणियां सुनी जाती हैं। इसके अलावा भगवान ब्रह्मा की पूजा की जाती है, क्योंकि उन्हें सृष्टि का रचयिता माना गया है। इस दिन लोग मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना करते हैं और नए वर्ष की मंगलकामना करते हैं।

**गुड़ी पड़वा और उगादी का संबंध**

उगादी के दिन ही महाराष्ट्र में 'गुड़ी पड़वा' का त्योहार भी मनाया जाता है, जो हिंदू नववर्ष का प्रतीक है। हालांकि दोनों पर्व अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाए जाते हैं, लेकिन इनका मूल भाव एक ही है—नई शुरुआत और समृद्धि।

**उगादी का सांस्कृतिक महत्व**

दक्षिण भारत में उगादी का गहरा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह पर्व न केवल नए वर्ष की शुरुआत का संकेत देता है, बल्कि जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और विकास की प्रेरणा भी देता है।

## उगादी के प्रमुख रीति-रिवाज

उगादी के दिन विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का पालन किया जाता है। सुबह सूर्योदय से पहले 'तेल स्नान' (तैल स्नान) करना शुभ माना जाता है, जिसके बाद लोग नए वस्त्र धारण करते हैं। घरों को आम के पत्तों के तोरण और रंगोली से सजाया जाता है। इस दिन 'उगादी पचड़ी' नामक विशेष पकवान बनाया जाता है, जिसमें नीम, गुड़, कच्चा आम और मिर्च जैसे स्वाद शामिल होते हैं। यह जीवन के सुख-दुख और विभिन्न अनुभवों का प्रतीक है।

लोग इस दिन पुराने दुखों को भूलकर नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ते हैं।

एजेंसी।



# राम संस्कार हैं राम संस्कृति हैं

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति, मर्यादा और जीवन मूल्यों के शास्वत प्रतीक हैं। वे सिर्फ एक ईश्वर नहीं, बल्कि मानव कल्याण की प्रेरणा भी हैं। 27 मार्च को श्री राम नवमी है और भगवान श्री राम के जन्म की अमिट कहानी भी। जिस तरह उन्होंने माता-पिता को सर्वोपरी माना, वह एक संदेश मात्र नहीं बल्कि सनातन हिन्दू धर्म की संस्कृति को परिपक्व बनाने का एक संदेश भी है। जीवन में सत्य, त्याग और कर्तव्यपरायणता का अद्वितीय स्थान है और इन तीनों गुणों के कारण भगवान श्री राम मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाए और भारतीय संस्कृति के प्रतीक बन गए।

उनका यह चरित्र हमें प्रेरणा देता है कि किस तरह भगवान श्री राम ने रामकाज के कारण सत्ता का त्याग कर दिया और मानव कल्याण के लिए 14 साल का वनवास काटा। यह त्याग अद्वितीय और भारतीय इतिहास का अनमोल खजाना है, जो आज के मानव को संदेश देता है कि अपने माता-पिता के वचनों का पालन करें, इसके लिए भले ही संकट आन पड़ी हो।

राम के चरित्र से पारिवारिक और सामाजिक उत्कृष्टता को रामायण में दर्शाया गया है, इसलिए रामायण सिर्फ पुस्तक नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों का एक ग्रंथ बन गया। राम का पूरा जीवन धैर्य, संयम और नैतिकता से परिपूर्ण था और विपरित परिस्थिति में भी धैर्य और संयम तथा नैतिकता को न छोड़ने की सीख देता है, यही मानव का संस्कार है, यही राम का जीवन मूल्य और हमारी प्रेरणा।

राम केवल एक धर्म तक सीमित तक नहीं है, बल्कि वे पूरे मानव जगत के लिए एक जीवन दर्शन हैं। वे एक आदर्श पुत्र थे, एक आदर्श भाई और राजा के रूप में जन कल्याण के जीते जागते प्रतिमूर्ति। राम सिर्फ नाम नहीं बल्कि सर्वव्यापी जनकल्याण का एक व्यापक जीवन दर्शन हैं, जिन्होंने जनकल्याण के लिए और भारतीय संस्कृति की स्थापना के लिए अपने पूरे जीवन को त्याग, संयम और मर्यादा का पाठ बना दिया और मानव के लिए प्रेरणा बन गए।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# रोज की ये छोटी आदतें आपके बच्चे को बना सकती हैं स्मार्ट और जीनियस, हर माता-पिता के लिए जानना जरूरी

आज के समय में हर माता-पिता की सिर्फ एक ही चाहत होती है कि उनका बच्चा दूसरे बच्चों से स्मार्ट, एक्टिव और समझदार बन जाए। इसके लिए वे हर वह तरीका अपनाते हैं जिससे उन्हें लगता है कि उनके बच्चे को फायदा होगा। अगर आपके घर पर भी छोटे बच्चे हैं तो बता दें, उन्हें स्मार्ट बनाने की शुरुआत आपको बचपन से ही कर देनी चाहिए। जब वे छोटे होते हैं उस समय उनका दिमाग सबसे ज्यादा तेजी से डेवलप होता है। ऐसे में जब आप सही समय पर सही एक्टिविटीज अपनाते हैं तो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में काफी ज्यादा मदद मिलती है। सबसे अच्छी बात है कि अपने बच्चे को स्मार्ट बनाने के लिए न आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है और न ही ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। हर दिन की कुछ आसान एक्टिविटीज को डेली रूटीन में शामिल करके उन्हें बाकी बच्चों से स्मार्ट बना सकते हैं।

**बात करने और सुनने की आदत डालें**

जब आप छोटे बच्चों से ज्यादा से ज्यादा बातें करते हैं तो उनके अंदर समझ और लैंग्वेज स्किल्स डेवलप होते हैं। दिनभर में उनसे छोटी-छोटी बातें पोछें, जैसे कि, 'आज आपने क्या खाया?' या फिर 'आज आपको क्या क्या अच्छा लगा?'। इन छोटे-सछोटे सवालों से बच्चे खुलकर बोलना सीख जाते हैं और साथ ही उनके सोचने की कैपिसिटी भी बेहतर होती है।



**रोजाना कहानी सुनाने की आदत**

अगर आप अपने बच्चे को स्मार्ट बनाना चाहते हैं तो आपको हर दिन उन्हें कहानियां सुनानी चाहिए। आपकी यह आदत उनके दिमाग को सही से डेवलप होने में काफी मदद करती है। जब आप बच्चों को कहानियां सुनाते हैं तो वे नयी चीजें सीखते हैं और उनकी इमेजिनेशन पावर भी बढ़ती है। इसके अलावा उन्हें सही और गलत के बीच का फर्क भी बेहतर तरीके से समझ में आने लगता है। जब आप उन्हें कहानियां सुनाएं तो उनसे सवाल पूंछें ताकि उनके दिमाग में सोचने की कैपेसिटी और भी बेहतर हो जाए।

**क्रिएटिव एक्टिविटीज में शामिल करें**

बच्चों के दिमाग को एक्टिव और तेज बनाने में ड्राइंग, कलरिंग और पजल्स सॉल्व करने जैसी एक्टिविटीज काफी मदद करती हैं। ये एक्टिविटीज उनके अंदर क्रिएटिविटी और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स को बढ़ाने में मदद करती हैं। बच्चों को स्मार्ट बनाने के लिए आप उन्हें फ्री हैंड ड्राइंग करने दें। आपकी यह छोटी सी आदत उनके अंदर खुद सोचने की आदत को डेवलप करने में मदद करती है।

**खेल-खेल में सिखाएं नई चीजें**

अगर आप बच्चों को नयी चीजें सिखाना चाहते हैं तो इसका सबसे बेहतरीन तरीका है उन्हें खेल-खेल में सिखाना। नंबर्स, कलर्स, शेप्स और अल्फाबेट्स के बारे में अगर उन्हें खेल-खेल में सिखाया जाए तो यह सबसे ज्यादा बेहतर होता है। जब आप ऐसा करते हैं तो बच्चे बोर नहीं होते हैं और साथ ही नयी चीजों को आसानी से सीख लेते हैं। इस तरीके को अपनाकर आप उनकी याददाश्त को भी मजबूत बना सकते हैं।

**फिजिकल एक्टिविटी भी है जरूरी**

बच्चों के लिए सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि फिजिकल एक्टिविटीज भी उतनी ही जरूरी होती है। हर दिन थोड़ी देर दौड़ना, कूदना और बाहर खेलना, सिर्फ उनके शरीर को नहीं बल्कि दिमाग को भी हेल्दी रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह छोटा सा उपाय उनके फोकस और एनर्जी लेवल्स को भी बढ़ाने में मदद करता है।

**रूटीन बनाना सिखाएं**

बच्चों के लिए एक रूटीन को फॉलो करना और भी ज्यादा जरूरी हो। एक ही समय पर सोना, जागना और खेलना उन्हें डिसिप्लिन सिखाता है। इसके अलावा एक अच्छा रूटीन आपके बच्चों को मेंटली स्ट्रॉन्ग बनने और सही समय पर कामों को करना भी सिखाता है।

एजेंसी।


सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस
जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी...
एलआईसी का जीवन उत्सव
उत्सव मनाने का गारंटीड तरीका
Plan No.: 871
UIN: 512N363V01
आजीवन गारंटीड रिटर्न के साथ
ऑनलाइन भी उपलब्ध
पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प
सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख
एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना
एलआईसी है तो कहीं और क्यों जाना...
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
सभी नई पॉलिसियों की अधिक जानकारी के लिए आज ही संपर्क करें-
सालिक राम राजवाड़े
(बीमा अभिकर्ता)
वेदांत बीमा सेवा केंद्र
कार्यालय : प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास, पोड़ी बहार कोरबा, मो.नं.-90987-52955

# सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते

# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा जिला-कोरबा

## माँ सर्वमंगला की आरती

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।
तुमको निशदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को।
उज्ज्वल से दोउ नैना, चंद्रवदन नीको ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै।
रक्त पुष्प गल माला, कंठन पर साजै ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी।
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुखहारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती।
कोटिक चंद्र दिवाकर, सम राजत ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती।
धूम्र विलोचन नैना, निशदिन मदमाती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे।
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी।
आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरो।
बाजत ताल मृदंगा, अरू बाजत डमरू ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता,
भक्तन की दुख हरता। सुख संपति करता ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

भुजा चार अति शोभित, वर मुद्रा धारी। [खड्ग खप्पर धारी]
मनवांछित फल पावत, सेवत नर नारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

श्री अम्बेजी की आरति, जो कोई नर गावे।
कहत शिवानंद स्वामी, सुख-संपति पावे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।
माँ सर्वमंगला देवी की जय

**माँ सर्वमंगला देवी सबकी मनोकामना पूर्ण करें**



## चैत्र वासंती नवरात्रि - 19 मार्च से 27 मार्च 2026

**हे माँ! सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।**
**विश्व में शांति की स्थापना करें।**

## सर्व सिद्धि प्रदात्रि माँ सर्वमंगला देवी

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से बसंत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन गुरूवार, दिनांक 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होगा एवं बसंत चैत्र नवरात्रि पर्व शुक्ल पक्ष नवमी दिन शुक्रवार, दिनांक 27.03.2026 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ एवं उनके श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यों में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 901/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्ति यों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।



**मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कर करें मनोकामना पूर्ण**

**घृत ज्योति कलश - रूपए 2100/-**

**तैल ज्योति कलश - रूपए 901/-**



**माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दर्री रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने,कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको- 243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, एजुकेशन हब, कचहरी चौक, डीडी प्लाजा, जांजगीर - 9098888246, 9098888644, अजय मोबाईल - सब्जी मार्केट के सामने, मंगला चौक बिलासपुर - 9098888260, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा- 7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका -9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह -275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 901/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।**

**असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय**



**सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन...**
**एवं हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2083 की अनंत शुभकामनाएं...**





चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा गुरूवार, 19.03.2026 शैलपुत्री देवी पूजन, नवरात्रि प्रारंभ, घट स्थापना, दीप प्रज्जवलित, वेदी पूजन, महाश्रृंगार रात्रि, भोग - गाय का घी, फल- संतान प्राप्ति।



चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया शुक्रवार, 20.03.2026 ब्रम्हचारिणी देवी पूजन, भोग मिश्री, फल - मोक्ष प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया शनिवार, 21.03.2026 चन्द्रघण्टा देवी पूजन भोग - गाय का दूध, खीर, फल - ऐश्वर्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी रविवार, 22.03.2026 माँ कुष्माण्डा देवी पूजन भोग-मालपुआ, फल - शत्रुनाश एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी सोमवार, 23.03.2026 माँ स्कन्द माता पूजन, भोग-केला फल, फल - आरोग्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार -रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी मंगलवार, 24.03.2026 माँ कात्यायनी पूजन भोग-शहद, फल - शादी परिणय बंधन एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी बुधवार, 25.03.2026 कालरात्रि पूजन भोग - गुड़, फल - विजय प्राप्ति एवं महाश्रृंगार- रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी गुरूवार, 26.03.2025 महागौरी पूजन, भोग - सूजी का हलवा, फल - धन प्राप्ति तथा पूर्णाहुति, हवन - सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण, ब्राम्हणभोज, कन्याभोज



रामनवमी शुक्रवार,27.03.2026 सिद्धिदात्री पूजन, भोग-धान, तिल-लाई, फल-वाणी सिद्धि प्राप्ति तथा सम्पूर्ण नवरात्रि एवं जवारा कलश विसर्जन, शाम 05:00 बजे।

**नोटः** चैत्र नवरात्रि पर्व 19.03.2026, गुरूवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 901/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 26.03.2026, गुरूवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 27.03.2026, शुक्रवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी। माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रति सुबह 5.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

**मंदिर परिसर में**
**प्लास्टिक थैले का उपयोग न करें।**
**परिसर को स्वच्छ रख कर सहयोग करें।**

दिव्य आकाश

# राजपुरोहित पं. नमन पाण्डेय (नन्हा)

## प्रबंधक एवं व्यवस्थापक

# श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर

## दुरपा, कोरबा जिला - कोरबा




## क्रिप्टो मार्केट में भूचाल: 75,000 डॉलर के पार जाने बाद क्रैश! Bitcoin, डूबे रू.12 लाख करोड़




**मुंबई, एजेंसी।**

गुरुवार को ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी बाजार में तेज गिरावट देखने को मिली। CoinMarketCap के मुताबिक दोपहर 1 बजे तक कुल मार्केट कैप घटकर 2.40 ट्रिलियन डॉलर रह गया। पिछले 24 घंटे में इसमें 5% से ज्यादा की गिरावट आई, जिससे करीब 0.13 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 12 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ।

**बिटकॉइन में बड़ी गिरावट**

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी Bitcoin में 24 घंटे के भीतर 5% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इसकी कीमत 70,000 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गई और दोपहर 1 बजे यह करीब 69,960 डॉलर पर ट्रेड कर रही थी। कुछ दिन पहले ही बिटकॉइन 75,000 डॉलर के पार पहुंचा था।

**बाकी प्रमुख क्रिप्टो का हाल**

दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो Ethereum में 6% से ज्यादा गिरावट आई और यह 2,162 डॉलर के आसपास ट्रेड कर रही थी।

XRP (रिपल) करीब 4% गिरकर 1.46 डॉलर पर

BNB 4% से ज्यादा टूटकर 644 डॉलर पर

Solana करीब 5% गिरकर 90 डॉलर से नीचे

इसके अलावा Dogecoin, Cardano, Avalanche और Shiba Inu में भी 5% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

**गिरते बाजार में ये कॉइन चमके**

जहां एक ओर बाजार दबाव में रहा, वहीं Pi Network ने 2% से ज्यादा की तेजी दिखाई और 0.1766 डॉलर पर पहुंच गया। इसके अलावा Quant में भी 6% से ज्यादा उछाल देखा गया।

**गिरावट की वजह क्या?**

इस गिरावट के पीछे मुख्य कारण Federal Reserve का हालिया फैसला माना जा रहा है। फेड ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे निवेशकों ने जोखिम वाले एसेट्स से दूरी बनानी शुरू कर दी।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका में उम्मीद से ज्यादा महंगाई और ब्याज दरों में कटौती के संकेत न मिलने से बाजार में बिकवाली बढ़ी है। शॉर्ट-टर्म इंडिकेटर्स भी सेल सिग्नल दे रहे हैं, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है।

## शेयर बाजार में सुनामी, 21 महीने की सबसे बड़ी गिरावट, 11.62 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई, एजेंसी।**

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार (19 मार्च) को बड़ी गिरावट देखने को मिली। 3 बजे के करीब सेंसेक्स 2579 अंक लुढ़क कर 74,125 के स्तर पर आ गया तो वहीं निफ्टी 813 अंक गिरकर 22,964 के स्तर आ गया।

कारोबार के अंत में BSE Sensex 2496.89 अंक टूटकर 74,207.24 पर बंद हुआ। वहीं Nifty भी 775.65 अंकों की गिरावट के साथ 23,002.15 पर बंद हुआ। इसके साथ ही निफ्टी बैंक इंडेक्स भी करीब 2,000 अंक लुढ़क गया। यह पिछले 21 महीनों यानी जून 2024 के बाद से निफ्टी 50 की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। इस तरह BSE में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 11.62 लाख करोड़ रुपए घटा है।

**ये शेयर ताश के पत्तों की तरह बिखरे**

बाजार में गिरावट का मुख्य कारण बड़े और फाइनेंशियल शेयरों में तेज बिकवाली रहा। HDFC Bank इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाला शेयर रहा। इसके अलावा Larsen & Toubro, Shriram Finance, Axis Bank, Bajaj Finance, Eternal Share, LT Share, Reliance, Kotak, SBI, Titan, Tata Steel, Axis Bank, Maruti, Infosys और Mahindra & Mahindra जैसे दिग्गज शेयरों में गिरावट देखने को मिली।




**कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बढ़ा दबाव**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी है। ब्रेंट क्रूड करीब 5.7% बढ़कर 113 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं और भू-राजनीतिक तनाव के कारण ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बनी हुई है। इसके साथ ही, एक प्रमुख LNG निर्यात सुविधा को नुकसान पहुंचने के बाद यूरोप में प्राकृतिक गैस की कीमतों में 35% तक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे सप्लाई बाधित होने की आशंका बढ़ गई है।

**सभी सेक्टर लाल निशान में**

बाजार में व्यापक बिकवाली देखने को मिल रही है और सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट में हैं। ऑटो, फाइनेंस और रियल्टी जैसे रेट-सेंसिटिव सेक्टर सबसे ज्यादा दबाव में हैं, जो निवेशकों के 'रिस्क-ऑफ' मूड को दर्शाता है।

मेटल और आईटी सेक्टर भी कमजोरी में हैं, जबकि एफएमसीजी और हेल्थकेयर जैसे डिफेंसिव सेक्टर अपेक्षाकृत कम प्रभावित हुए हैं, हालांकि इनमें भी गिरावट देखी जा रही है।

**निवेशकों के रू.11.62 लाख करोड़ डूबे**

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज घटकर 427.38 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 439.00 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस तरह BSE में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 11.62 लाख करोड़ रुपए घटा है या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 11.62 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है।

## RBI ने HDFC Bank पर जताया भरोसा

**मुंबई, एजेंसी।** आरबीआई ने गुरुवार को कहा कि HDFC Bank के आचरण या शासन (गवर्नेंस) से संबंधित कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। यह बयान बैंक के चेयरमैन Atanu Chakraborty के नैतिक कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद आया।

आरबीआई ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि एचडीएफसी बैंक एक घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक (D-SIB) है, जिसकी वित्तीय स्थिति मजबूत है और जिसका संचालन एक पेशेवर बोर्ड एवं सक्षम प्रबंधन टीम द्वारा किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि उसके समय-समय पर किए गए आकलनों के आधार पर बैंक के संचालन या गवर्नेंस को लेकर कोई गंभीर चिंता सामने नहीं आई है।

**पूंजी और लिक्विडिटी स्थिति मजबूत**

आरबीआई ने यह भी कहा कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और नकदी उपलब्ध है तथा उसकी समग्र वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब चेयरमैन के इस्तीफे के बाद बैंक के संचालन को लेकर बाजार में सवाल उठने लगे थे।

## Gold-Silver ETF धड़ाम! 'सेफ हेवन' से क्यों डगमगाया भरोसा? 7% से ज्यादा लुढ़के भाव

**मुंबई, एजेंसी।**

गोल्ड और सिल्वर ETF में आई हालिया तेज गिरावट ने निवेशकों को चौंका दिया है। आमतौर पर अनिश्चितता और वैश्विक तनाव के दौर में 'सेफ हेवन' माने जाने वाले इन एसेट्स में इस बार भारी बिकवाली देखने को मिली है। सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसा क्या बदला कि निवेशकों का भरोसा डगमगाने लगा-क्या इसके पीछे अमेरिकी फेड का फैसला है, मजबूत होता डॉलर या फिर मिडिल ईस्ट का बढ़ता तनाव?

गुरुवार, 19 मार्च को गोल्ड और सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ETFs) में तेज गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले और मिडिल ईस्ट में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते निवेशकों का रुख बदला, जिससे कुछ फंड्स में 7% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। यह संकेत देता है कि निवेशक फिलहाल सुरक्षित माने जाने वाले एसेट्स में भी मुनाफावसूली कर रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि आमतौर पर युद्ध या अनिश्चितता के माहौल में सोना-चांदी में निवेश बढ़ता है लेकिन इस बार ट्रेंड इसके उलट दिखा। निवेशकों ने तेजी के बाद प्रॉफिट बुकिंग को प्राथमिकता दी, जिससे बाजार में दबाव बढ़ गया और 'सेफ हेवन' एसेट्स भी गिरावट से नहीं बच सके।

**सिल्वर ETF में सबसे ज्यादा गिरावट**

HDFC सिल्वर ETF 7.60% टूटा

कोटक सिल्वर ETF करीब 7.96% टूटा

निपॉन इंडिया सिल्वर ETF 7.57% गिरा

ICICI प्रूडेंशियल सिल्वर ETF 7.40% कमजोर

SBI सिल्वर ETF 7.48% और टाटा सिल्वर ETF 7.44% गिरावट में रहे

यह रुझान दिखाता है कि फिलहाल निवेशक चांदी से दूरी बना रहे हैं।

**गोल्ड ETF भी फिसले**

ICICI प्रूडेंशियल गोल्ड ETF 5.24% टूटा

SBI गोल्ड ETF 5.19% नीचे

निपॉन इंडिया गोल्ड ETF 5.09% कमजोर

HDFC और एंजेल वन गोल्ड ETF में 4.9% से ज्यादा गिरावट

Groww गोल्ड ETF 5.10% गिरा

आदित्य बिड़ला सन लाइफ गोल्ड ETF 3.2% गिरा

Axis और DSP गोल्ड ETF करीब 2.5% नीचे

टाटा गोल्ड ETF 2.9% कमजोर

LIC MF गोल्ड ETF करीब 2.7% गिरावट में रहा

**MCX पर कीमतों में कमजोरी**

ETF में गिरावट का सीधा असर कमोडिटी कीमतों से जुड़ा रहा। Multi Commodity E&change (MCX) पर सिल्वर का मई वायदा करीब 6.87% गिरकर रू.2,31,146 प्रति किलोग्राम पर आ गया। वहीं गोल्ड का अप्रैल फ्यूचर करीब 3.74% टूटकर रू.1,47,306 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा।

**फेड के फैसले से बदला माहौल**

Federal Reserve ने अपनी मार्च बैठक में ब्याज दरों को 3.5%-3.75% के दायरे में स्थिर रखा। फेड चेयरमैन Jerome Powell ने संकेत दिया कि महंगाई पर काबू पाने की प्रक्रिया धीमी रह सकती है। डॉलर की मजबूती के कारण सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना, क्योंकि मजबूत डॉलर आमतौर पर इन धातुओं को कमजोर करता है।

**मिडिल ईस्ट तनाव का असर**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव ने बाजार को और अस्थिर किया। ईरान द्वारा कतर में ऊर्जा ठिकानों पर हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया। ब्रेंट क्रूड 3.44% बढ़कर 111 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया।

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने इजराइल-ईरान तनाव को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए ईरान को चेतावनी दी है।

## रेलवे कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले: 50% DA के बाद अब माइलेज भत्ते में 25% का तगड़ा उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे के लाखों रनिंग स्टाफ के लिए यह साल खुशियों की सौगात लेकर आया है। महंगाई भत्ते (DA) के 50% पर पहुँचने के बाद अब रेल मंत्रालय ने रनिंग स्टाफ के सबसे महत्वपूर्ण 'किलोमीटर अलाउंस' (KMA) में भी 25% की भारी बढ़ोतरी को हरी झंडी दे दी है। ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (AIRF) के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ हुई सकारात्मक मुलाकात के बाद यह ऐतिहासिक फैसला लिया गया है।

**आश्रम नहीं, अब आधिकारिक आदेश का इंतज़ार**

मिली जानकारी के मुताबिक, रेल मंत्रालय ने इस वृद्धि को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और उम्मीद जताई जा रही है कि रेलवे बोर्ड आज देर शाम या कल तक इसके आधिकारिक आदेश (Circular) जारी कर देगा। यह कदम रेलवे के उस नियम के तहत उठाया गया है जिसमें DA के एक निश्चित सीमा (50%) पार करने पर अन्य भत्तों में भी स्वतः संशोधन का प्रावधान होता है। कर्मचारियों के लंबे संघर्ष और संगठन की सक्रियता के बाद आखिरकार सरकार ने इस जायज मांग को स्वीकार कर लिया है।

**भत्ते का नया गणित: किसे कितना होगा फायदा?**

25% की इस बढ़ोतरी के बाद लोको पायलट और गार्ड्स की मासिक आय में बड़ा अंतर देखने को मिलेगा। नीचे दिए गए चार्ट के माध्यम से समझें कि प्रति 100 किमी पर अब कितना भुगतान मिलेगा:

| पद (Category) | पुरानी दर (प्रति 100 किमी) | नई दर (25% बढ़ोतरी के बाद) |
|---|---|---|
| लोको पायलट (Mail/E&press) | रू. 530 | रू. 662.50 |
| लोको पायलट (Passenger) | रू. 525 | रू. 656.25 |
| लोको पायलट (Goods) | रू. 520 | रू. 650.00 |
| असिस्टेंट लोको पायलट (ALP) | रू. 376 | रू. 470.00 |
| गार्ड (Mail/Express) | रू. 480 | रू. 600.00 |

**संघर्ष की जीत और उत्साह का माहौल**

AIRF के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने इस सफलता को रेल कर्मचारियों की एकजुटता का परिणाम बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया (X) पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि वित्त मंत्रालय के सचिव और रेल मंत्री दोनों के साथ हुई हालिया बैठकों में इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा गया था। इस फैसले से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी बड़ा सुधार होगा। नवरात्रि के इस खास मौके पर मिली इस खुशखबरी ने रेलकर्मियों के बीच जश्न का माहौल पैदा कर दिया है।

## मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच पीएम मोदी का शांति प्रयास, फ्रांस से लेकर मलेशिया तक के नेताओं से की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव के बीच शांति बहाली के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कूटनीतिक प्रयासों में जुटे हैं। क्षेत्र में हालात सामान्य करने और संघर्ष को रोकने के मकसद से पीएम मोदी ने फ्रांस से लेकर मलेशिया तक कई देशों के नेताओं से बातचीत की है। पीएम मोदी ने गुरुवार (19 मार्च) को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम, ओमान के सुल्तान और कुवैत के क्राउन प्रिंस से लंबी बात की है। इन वार्ताओं का सबसे बड़ा मकसद युद्ध को रोकना और बातचीत के जरिए तनाव कम करना है। पीएम मोदी ने



साफ संदेश दिया कि अब शांति का रास्ता सिर्फ कूटनीति और संवाद से ही निकल सकता है। भारत की सबसे बड़ी चिंता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर है, क्योंकि यही वह अहम समुद्री मार्ग है, जहां से भारत की तेल और गैस सप्लाई गुजरती है।

**वेस्ट एशिया संकट पर मैक्रों से बोले पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर अहम बातचीत की। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं ने हालात को जल्द शांत करने, तनाव कम करने और कूटनीति के साथ संवाद की राह पर लौटने की तत्काल जरूरत पर चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए करीबी समन्वय जारी रखेंगे। उनका यह बयान साफ संकेत देता है कि वेस्ट एशिया संकट के बीच भारत कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

**ओमान के सुल्तान से पीएम मोदी की वार्ता, शांति और सुरक्षा पर जोर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से बातचीत कर क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने ओमान की संप्रभुता का सम्मान करते हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में ओमान के प्रयासों की सराहना भी की। भारत और ओमान ने इस दौरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित और बिना रुकावट आवागमन तय करने के अपने संयुक्त संकल्प को भी दोहराया।

**प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया के पीएम अनवर से की बातचीत, शांति पर जोर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम से महत्वपूर्ण बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा की। साथ ही संवाद और कूटनीति के जरिये क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने मलेशिया की जनता को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

**पीएम मोदी का शांति प्रयास**

वेस्ट एशिया में जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शांति मिशन पर सक्रिय नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में शांति को बनाए रखने के लिए पीएम मोदी लगातार दूसरे देशों के नेताओं के साथ चर्चा कर रहे हैं। हाल के दिनों में पीएम मोदी ने ओमान, कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, इजराइल और कतर के नेताओं से भी बात की है और सभी से शांति प्रयास रखने रखने की अपील की है। बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पीएम मोदी ने मिडिल ईस्ट में बदलती स्थिति पर विचार-विमर्श किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उन्हें ईद की शुभकामनाएं भी दी।

# 19 अप्रैल को एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस : श्रीमती कौशिल्या देवी साय को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित करने चेयरमेन पीएमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल पहुंचे निवास स्थान

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार को कोरबा जिला के धार्मिक ग्राम माँ मड़वारानी (खरहरकुड़ा) में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित करने विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी, लब्धप्रतिष्ठित समाजसेविका एवं कंवर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या देवी साय के निवास स्थान पहुंचे और उन्हें विद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी ग्रहण करने का करबद्ध निवेदन किया। ज्ञातव्य हो कि विद्यालय के 10वें स्थापना दिवस समारोह में फिल्म जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री मंदाकिनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।





विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम में उन महिलाओं, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों का सम्मान किया जायेगा जिनके सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्यो से समाज को प्रेरणा एवं गौरव प्राप्त हुआ है। श्री अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय के 10वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के लिए छ.ग. राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या देवी साय (राष्ट्रीय अध्यक्ष-आदिवासी कंवर समाज, समाजसेविका एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री) से सहमति लेने के लिए उनके निवास स्थान पर पहुँचे। जहाँ उन्होंने श्रीमती कौशिल्या देवी साय से कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुये अपने क्षेत्र की महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों के उल्लेखनीय कार्यो की जानकारी दी। जिस पर श्रीमती कौशिल्या देवी साय ने श्री अग्रवाल एवं उनकी टीम को इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजन के लिए बधाई देते हुये कहा कि ग्रामीण अंचल में रह रहे बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नत शिक्षा प्रदान करना बहुत बड़ा संकल्प है। आज देश निर्माण एवं विकास में शिक्षा का विशेष महत्व है। उन्होंने श्री अग्रवाल को कहा कि अन्य सामाजिक बैठकों एवं आयोजनों की रूपरेखा देखते हुये वे इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति के संबंध में जल्द ही अवगत करायेंगी और आश्वस्त किया कि वे विद्यालय के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में आने का पूरा प्रयास करेंगी। विद्यालय प्रबंधन ने स्थापना दिवस के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह एवं सम्मान समारोह को भव्य बनाने का प्रयास कर रहा है।

यह बताना गौरव की बात है कि पूरे छत्तीसगढ़ में इस विद्यालय को 7स्टार रैटिंग प्राप्त है।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी पहुंची आरती-विकास अग्रवाल के निवास स्थान

**शाल-श्रीफल से किया सम्मान, विकास ने कहा-नई ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भी कार्यकर्ताओं को नहीं भुलतीं, यह गौरव की बात**





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

15 मार्च को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी कोरबा पहुंचीं। भाजपा कार्यालय में उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। संगठन के कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद श्रीमती विभा अवस्थी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व पार्षद श्रीमती आरती-विकास अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचीं। उनका पग राजबीर प्रसाद अग्रवाल के निवास स्थान जैसे ही पड़ा, पूर्व पार्षद श्रीमती आरती अग्रवाल, भाजपा नेता विकास अग्रवाल एवं उनकी माता श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल ने श्रीमती विभा अवस्थी का आरती से स्वागत किया और तिलक लगाकर अभिनंदन।

**स्वागत से अभिभूत हुईं विभा अवस्थी**

आरती-विकास अग्रवाल के निवास स्थान में श्रीमती विभा अवस्थी का ऐसा स्वागत हुआ, कि वे भावविभोर हो गईं।

इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार, ज्योति पाण्डेय, सारिका यादव, कविता सुनालिया, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, कमल सिंह कुसमुंडा, सूरज पांडेय, राम त्रिपाठी, रिपु जायसवाल एवं बड़ी संख्या में भजपा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**नई ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भी कार्यकर्ताओं के लिए ऐसा सम्मान, गौरव की बात-विकास अग्रवाल**

पारिवारिक माहौल में श्रीमती विभा अवस्थी ने वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राजबीर प्रसाद अग्रवाल के परिवार से संगठनात्मक एवं वैचारिक चर्चा हुई। विकास अग्रवाल ने बताया कि नई ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भी श्रीमती विभा अवस्थी आम कार्यकर्ताओं से ऐसे मिलती हैं, जैसे वे उनके परिवार के सदस्य हैं। नई ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भी कार्यकर्ताओं को श्रीमती अवस्थी नहीं भुलती, यह हमारे लिए गौरव की बात है तथा भाजपा की इसी रीति-निति के कारण भाजपा तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है और विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है।






# कोरबा के पत्रकारों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई

**कोरबा/रायपुर ( दिव्य आकाश )।**

18 मार्च को कोरबा के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन पहुंचकर सदन की कार्रवाई देखी और गतिविधियों से अवगत हुए। प्रथम चरण में कोरबा से छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचने वालों में नई दुनिया के ब्युरोचीप देवेन्द्र गुप्ता, प्रेस क्लब कोरबा के उपाध्यक्ष एवं शिखर केसरी के संपादक रामेश्वर ठाकुर, नई दुनिया की पत्रकार बीता चक्रवर्ती, साधना न्यूज चैनल के कोरबा ब्युरो हेड रेणु जायसवाल, जीटीवी के कोरबा ब्युरो हेड नीलम पोडवार, ईटीवी कोरबा के ब्युरो हेड राजकुमार शाह, दैनिक जोहार छत्तीसगढ़ के ब्युरो हेड प्रीतम जायसवाल, दिव्य आकाश से युधिष्ठिर राजवाड़े, महिला पत्रकार प्रतिमा सरकार, प्रीति यादव, आशा ठाकुर, रजनी चौहान, वर्षा चौहान शामिल थे।

## मुख्यमंत्री से मिले पत्रकार:सीएम ने कहा-पत्रकारों को राज्य भ्रमण कर भेजेंगे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों की संवेदनशीलता से पत्रकारों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शीघ्र मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। विष्णुदेव साय सदन की कार्रवाई से कुछ देर के लिए अपने कक्ष में पहुंचे और कक्ष के अधिकारियों ने पत्रकारों को मिलने के लिए बुलाया। मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात करने वालों में प्रेस क्लब कोरबा के उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, रेणु जायसवाल, प्रीतम जायसवाल एवं युधिष्ठिर राजवाड़े शामिल थे। संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा से मिलने पहुंचे पत्रकारों को समय



भी दिया और पत्रकारों का हालचाल जानने के अलावा कहा कि पत्रकारों को राज्य भ्रमण पर भेजेंगे, जिससे छत्तीसगढ़ के पत्रकार देश के अन्य राज्यों की भौगोलिक स्थिति, वहां की संस्कृति एवं रहन-सहन से अवगत हो सकेंगे और अपनी प्रतिभाओं को बढ़ा सकेंगे। उन्होंने कहा-पहले महिला पत्रकारों को प्राथमिकता देंगे। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से मिले पत्रकार, उद्योगमंत्री देवांगन ने पत्रकारों को कराया स्वल्पाहार



कोरबा के पत्रकारों को विधानसभा की कार्रवाई से अवगत कराने का वादा कराने का वादा छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने किया था जिसके तहत प्रथम चरण में कोरबा के पत्रकार राजधानी रायपुर पहुंचे और छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचकर सदन की कार्रवाई देखी और सदस्यों के सवाल-जवाब को भी दीर्घा से देखा।

ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ विधानसभा एक ऐसा पवित्र लोक मंदिर है, जहां सभी सदस्य्य सिर्फ छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की समृद्धि के लिए प्रश्न उठाते हैं और सत्ता पक्ष जवाब देता है। 18 मार्च की कार्रवाई से पत्रकार रू ब रू हुए और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सदन में कहा कि बीते पांच साल में कांग्रेस सरकार ने बेहतर करने का प्रयास किया, लेकिन ढाई साल हो गए, सत्ता पक्ष सिर्फ भ्रष्टाचार का आरोप लगाता रहा। उन्होंने कहा अब आपकी सरकार है, जनता से किए वादे पूर्ण करें और आरोप बहुत लगा लिया, अब जनता के हित में बात होनी चाहिए। आरोप तो आप पर भी लग रहे हैं और उन्होंने अफीम की खेती, करोड़ों के धान मुसुवा खा गए, जैसे कई आरोप भी लगाए।


युवक की आवश्यकता है
(रिसेप्शनिष्ट)
संपर्क करें -
Snookyard Café
प्रथम मंजिल, अंकिता कॉम्पलेक्स
सुभाष चौक, निहारिका, कोरबा
मो.: 79997-72254
वेतन आकर्षक

















स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com